# भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 26.08.2023 को आहूत ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति की पाँचवीं बैठक का कार्यवृत्त उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी, उन्नाव। | - | अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 3. | जिला विकास अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 4. | प्रभागीय वनाधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 5. | मुख्य चिकित्साधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 6. | जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 7. | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 8. | जिला कृषि अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 9. | जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 10. | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव। | - | सदस्य सचिव |
| 11. | जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव। | - | डी.पी.एम.यू. |
| 12. | डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव। | - | टी.पी.आई. |
| 13. | मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ। | - | कार्यदायी संस्था |
| 14. | जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि। | - | आई.एस.ए. |
| 15. | मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन, के-571, सेक्टर-के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ। | - | कार्यदायी संस्था |
| 16. | मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ। | - | कार्यदायी संस्था |

भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन- 'हर घर जल' उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु सहयोगी संस्थाओं/ अन्य सेवी संस्थाओं का इम्पैनलमेन्ट किया गया है। जिसके क्रम में जनपद उन्नाव हेतु 05 ''इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी'' (आई.एस.ए.) का राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 द्वारा चयन किया गया है। जनपद हेतु सूचीबद्ध इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों को शासनादेश सं0- 95/छिहत्तर-1-2020-20 स्वजल/2010 टी.सी.-अ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति के माध्यम से 40-40 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर आवंटित किया जाना है, जिसके परिप्रेक्ष्य में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति की पाँचवी बैठक आज दिनांक 26.08.2023 को कलेक्ट्रेट पन्नालाल हाल में सम्पन्न हुई है।

उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि पूर्व में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में भूजल आधारित पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्र सं0- 2305/डब्ल्यू.-22/एन.आई.टी./2020-21 दिनांक 21.01.2021 के द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 83 नग पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं जिनका पुनर्गठन कर 527 नग ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कराया जाना प्रस्तावित था तद्क्रम में उक्तानुसार कार्यवाही की गयी, परन्तु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्र दिनांक- 02.08.2021 एवं मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ के पत्र दिनांक 27.09.2021 के अनुपालन में भूजल आधारित पेयजल योजनाओं के स्थान पर सतहीं जल आधारित (Surface Water Supply Scheme) पाइप पेयजल परियोजना के निर्माण के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं, के अनुपालन में कार्यदायी संस्थाओं (इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी) को जनपद उन्नाव की शेष 647 ग्राम पंचायतों को निम्न तालिका के अनुसार 40-40 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आवंटित किया जाना है। उक्त सन्दर्भ में यह भी अवगत कराना है कि एक्शन फार रूरल डेवलपमेन्ट, 154ए, जाफरा बाजार, गोरखपुर द्वारा कार्य करने पर असमर्थता व्यक्त करने पर अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के कार्यालय आदेश संख्या 1981/डब्ल्यू-314 (Vol-6)/2022-23 दिनांक 24.08.2022 द्वारा उक्त एजेन्सी को आंवटित कार्यो को निरस्त कर दिया गया है। अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के कार्यालय आदेश संख्या 4186/डब्ल्यू-314 (District Allotment)/2022-23 दिनांक 10.01.2023 एवं आदेश संख्या 4187/डब्ल्यू-314 (District Allotment)/ 2022-23 दिनांक 10. 01.2023 के द्वारा क्रमशः हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर तथा प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194-ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर का चयन किया गया। उपरोक्त के क्रम में क्लस्टर आवंटन का विवरण निम्नानुसार है।

....................2/-

| आई.एस.ए. का नाम | कैटेगरी | क्लस्टर संख्या | आवंटित ग्राम पंचायतों की संख्या | विकास खण्ड | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ। | A | क्लस्टर सं0– 10 | 24 | हिलौली | एक्शन फार रूरल डेवलपमेन्ट द्वारा कार्यों को पूर्ण करने में असमर्थता व्यक्त कर देने के कारण कार्य आवंटित |
| | | | 15 | सुमेरपुर | |
| | | क्लस्टर सं0– 15 | 40 | असोहा | – |
| | | क्लस्टर सं0– 16 | 8 | पुरवा | – |
| | | | 30 | नवाबगंज | – |
| | | क्लस्टर सं0– 17 | 20 | सुमेरपुर | – |
| | | | 23 | बीघापुर | – |
| | | क्लस्टर सं0– 18 | 26 | हिलौली | – |
| | | योग | 186 | | |
| जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़। | B | क्लस्टर सं0– 19 | 37 | बिछिया | – |
| | | क्लस्टर सं0– 20 | 41 | मियागंज | – |
| | | क्लस्टर सं0– 21 | 34 | सफीपुर | – |
| | | क्लस्टर सं0– 22 | 40 | फतेहपुर चौरासी | – |
| | | क्लस्टर सं0– 23 | 19 | | – |
| | | योग | 171 | | |
| हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर | B | क्लस्टर सं0– 24 | 42 | बांगरमऊ | – |
| | | क्लस्टर सं0– 25 | 38 | गंजमुरादाबाद | – |
| | | क्लस्टर सं0– 26 | 35 | सिकन्दरपुर कर्ण | – |
| | | क्लस्टर सं0– 27 | 24 | सिकन्दरपुर सिरोसी | – |
| | | योग | 139 | | |
| प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर। | C | क्लस्टर सं0– 11 | 40 | सुमेरपुर | एक्शन फार रूरल डेवलपमेन्ट द्वारा कार्यों को पूर्ण करने में असमर्थता व्यक्त कर देने के कारण कार्य आवंटित |
| | | क्लस्टर सं0– 12 | 44 | बीघापुर | |
| | | योग | 84 | | |
| बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव। | C | क्लस्टर– 28 | 44 | हसनगंज | – |
| | | क्लस्टर– 29 | 23 | औरास | – |
| | | योग | 67 | | |
| | | **कुल योग** | **647** | | |

इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों द्वारा जल जीवन मिशन की दिशा-निर्देशिका के अनुसार ग्राम पंचायतों के अन्दर आधारभूत संरचना लागत का अंशदान दिये जाने हेतु कम से कम 80 प्रतिशत परिवारों की सहमति प्राप्त किया जाना एवं समस्त ग्राम पंचायतों की ग्राम कार्य योजना (Village Action Plan) तैयार कराते हुये जनपद कार्ययोजना (District Action Plan) तैयार किया जाना प्रस्तावित है तथा राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी की आर.एफ.पी. के अनुसार निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

1. ग्राम पंचायत की उप-समिति अर्थात् वी.डब्ल्यू.एस.पी./पानी समिति/प्रयोक्ता समूह आदि का गठन सुगम बनाना और इसके कार्यकर्ताओं के क्षमता का संवर्धन की व्यवस्था करना।
2. ग्राम पंचायत की उप-समिति हेतु निर्धारित सभी कार्यों, जिनमें अन्य के साथ-साथ बैंक खाते खोलना, सामुदायिक अंशदान जुटाना, संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था करना, ग्रामसभा की बैठक का आयोजन करना, उप-समिति की बैठकें आयोजित करना, ग्रामसभा में संकल्प पारित किया जाना और ग्राम योजना की स्वीकृति देना, स्वच्छता और ग्रे-वाटर प्रबन्धन गतिविधियों आदि को सुगम बनाना आदि शामिल हैं, में ग्राम पंचायत और/ या इसकी उप-समिति अर्थात् वी.डब्ल्यू.एस.पी./पानी समिति/प्रयोक्ता समूह आदि को सहायता देना।
3. फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) की आवश्यकता का मूल्यांकन करना और एफ.एच.टी.सी. प्राप्त करने के लिये समुदाय को प्रेरित करना।
4. डी.डब्ल्यू.एस.पी. और वी.डब्ल्यू.एस.पी. के बीच समन्वय मंच के रूप में कार्य करना।

.....................3/-

Scanned with OKEN Scanner

6. समुदायिक जागृति हेतु सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पी.आर.ए.) उपकरणों का उपयोग करना और आवश्यकता का मूल्यांकन करना।
6. भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए जल अभियानों में समुदाय की सहायता करना।
7. जल के विभिन्न पहलुओं जैसे वर्षा जल संचयन, कृत्रिम पुनर्भरण, जल गुणवत्ता, जल जनित बीमारियों, जल की बचत, जल का रख-रखाव, पेयजल के स्रोत में वृद्धि/ स्थायित्व के पहलुओं आदि के बारे में जागरूकता पैदा करना।
8. गांवों में प्राप्त होने वाली सफलता की कहानियों का प्रलेखन करना और उन्हें अपलोड करना।
9. गांवों में उचित स्थानों में दीवारों पर चित्रकारी सुनिश्चित करना।
10. सामाजिक व्यवहारगत परिवर्तन संचार (एस.बी.सी.सी.) कार्यविधियां चलाना।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से जनपद उन्नाव हेतु सूचीबद्ध इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों (आई.एस.ए) के मध्य उपरोक्त तालिका के अनुसार ग्राम पंचायतों का क्लस्टर आवंटित करने की सहमति प्रदान की गयी।

➢ जल जीवन मिशन (फेज-4) के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी जिसके अन्तर्गत निम्न निर्देश दिये गये:-

1. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ के उपस्थित प्रतिनिधि श्री ज्योति बाबू, महा प्रबन्धक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि जनपद में प्राप्त भूमि के सापेक्ष उपयुक्त (Suitable) का प्रमाण पत्र अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव को विलम्बतम 10 दिवसों में दिनांक 05.09.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. सर्वे के कार्य को मानवशक्ति बढ़ाते हुये अवशेष ग्रामों का सर्वे युद्धस्तर पर कराना सुनिश्चित करें।
3. मृदा परीक्षण कार्य पूर्ण कराने हेतु लगायी गयी टीम की क्षमता को बढ़ाया जाये।

➢ जनपद में क्रियान्वित पी.आर.आई. प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा की गयी गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने की योजना संचालित है भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु हितग्राहियों का प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन का प्राविधान किया गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के हितग्राहियों क्षमता संवर्धन हेतु निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण (प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य / ग्राम पंचायत सचिव / क्षेत्र पंचायत सदस्य / लेखपाल / ग्राम विकास अधिकारी / रोजगार सेवक तथा सामाजिक अभिरुचि वाले नागरिक) प्रदान किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण एवं उससे सम्बन्धित प्रशिक्षण किट सामग्री आपूर्ति हेतु मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन, के-571, सेक्टर-के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ को कार्यदायी एजेन्सी के रूप में नामित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड स्तर पर आयोजित 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को लाने एवं ले जाने, सूक्ष्म जलपान, भोजन, पानी आदि की व्यवस्था, रिसोर्स पर्सन्स का मानदेय, लॉजिस्टिक सपोर्ट (टेंट, कुर्सियां, माइक, वेलकम गेट, प्रोजेक्टर, साउण्ड लाउडस्पीकर, प्रशिक्षण मॉड्यूल (प्रशिक्षण साहित्य) पंजीकरण प्रपत्र, फीडबैक प्रपत्र) एवं संस्था के 02 कोऑर्डिनेटर 01 वाहन, फोटोकॉपी आदि पर आने वाले व्यय जनपद हेतु नामित कार्यदायी एजेन्सी द्वारा वहन किये जायेंगे। जनपद में पी.आर.आई. प्रशिक्षण कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है:-

| S No | Batch Date | Block | Total Gram Panchayat | Total Revenue Village | Block | Target | Trade | Target of Trade | Trained Participants |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21-22 Aug 23 | Bangar mau | 55 | 77 | 1 | 925 | Gram Pradhan | 55 | 55 |
| | | | | | | | Ward Member's | 600 | |
| | 21-22 Aug 23 | | | | | | Secretary | 15 | 15 |
| | 21-22 Aug 23 | | | | | | BDC | 80 | 80 |
| | | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | | |
| | 21-22 Aug 23 | | | | | | Rojgagar Sevak | 50 | 50 |
| | | | | | | | Lekhpal | 10 | |
| | | | | | | | Social Worker | | |
| 2 | 03-04 Aug 23 | Fatehpur Chaurasi | 68 | 105 | 1 | 1167 | Gram Pradhan | 68 | 68 |
| | 05,07 Aug 23 | | | | | | Ward Member's | 800 | 200 |
| | 08-09 Aug 23 | | | | | | | | 200 |
| | 10-11 Aug 23 | | | | | | | | 200 |
| | 12,14 Aug 23 | | | | | | | | 200 |
| | 03-04 Aug 23 | | | | | | Secretary | 14 | 14 |
| | 03-04 Aug 23 | | | | | | BDC | 76 | 76 |
| | 03-04 Aug 23 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | 16-17 Aug 23 | | | | | | Rojgagar Sevak | 43 | 43 |
| | 03-04 Aug 23 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 16-17 Aug 23 | | | | | | Social Worker | 142 | 152 |
| | TOTAL | | 123 | 182 | 2 | 2092 | | 1966 | 1366 |

मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन को अवशेष निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

.....................4/-

Scanned with OKEN Scanner

➢ जनपद में क्रियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आई.ई.सी. गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0- 1809/W-314/JJM/Agency Empanelment/2022-23 दिनांक 04.07.2023 के माध्यम जनपद में कार्यदायी एजेन्सी के रूप में मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ नामित किया गया है। कार्यदायी एजेन्सी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की जानी प्रस्तावित हैं जिसके सापेक्ष प्रगति नीचे तालिका में दर्शायी गयी है:-

**नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग जल जीवन मिशन हर घर जल योजनान्तर्गत IEC गतिविधि- मेसर्स फाल्कान**

| क्रम सं0 | विकास खण्ड का नाम | फेज-1 | | | | | | फेज-2 | | | | | | | | | | | | फेज-3 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यशाला | | 05 पेयजल स्रोतों की जाँच (प्रति राजस्व) 05@R.V. | | दीवार लेखन/ग्राफिक्स (प्रति ग्राम पंचायत) 05@G.P. | | आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल एवं स्वच्छता बैठक (प्रति ग्राम पंचायत) 02@G.P. | | प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छता क्लब एवं ड्राइंग प्रतियोगिता (प्रति ग्राम पंचायत) 02@G.P. | | सामाजिक मानचित्रण (प्रति राजस्व) 01@R.V. | | स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति (प्रति ग्राम पंचायत) 01@G.P. | | पेयजल एवं स्वच्छता समिति (प्रति ग्राम पंचायत) 01@G.P. | | पेयजल एवं स्वच्छता प्रदर्शनी कार्यक्रम 01@R.V. | | नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम 01@R.V. | | स्वच्छता मेले का आयोजन 01@R.V. | | प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म प्रदर्शन 01@G.P. | |
| | | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| 1 | सुमेरपुर | 75 | 96 | 480 | 480 | 375 | 25 | 150 | 150 | 150 | 150 | 96 | 96 | 75 | 75 | 75 | 75 | 96 | 96 | 96 | 0 | 96 | 0 | 75 | 0 |
| 2 | बीघापुर | 67 | 80 | 400 | 400 | 335 | 50 | 134 | 61 | 134 | 61 | 80 | 80 | 67 | 67 | 67 | 67 | 80 | 80 | 80 | 0 | 80 | 0 | 67 | 0 |
| 3 | असोहा | 67 | 112 | 560 | 560 | 335 | 0 | 134 | 0 | 134 | 0 | 112 | 58 | 67 | 58 | 67 | 67 | 112 | 58 | 112 | 0 | 112 | 0 | 67 | 0 |
| 4 | हिलौली | 50 | 68 | 340 | 340 | 250 | 20 | 100 | 0 | 100 | 0 | 68 | 0 | 50 | 0 | 50 | 0 | 68 | 0 | 68 | 0 | 68 | 0 | 50 | 0 |
| 5 | पुरवा | 56 | 132 | 660 | 660 | 280 | 224 | 112 | 0 | 112 | 0 | 132 | 0 | 56 | 0 | 56 | 0 | 132 | 0 | 132 | 0 | 132 | 0 | 56 | 0 |
| 6 | बिछिया | 57 | 126 | 630 | 630 | 285 | 228 | 114 | 0 | 114 | 0 | 126 | 0 | 57 | 0 | 57 | 0 | 126 | 0 | 126 | 0 | 126 | 0 | 57 | 0 |
| 7 | नवाबगंज | 75 | 110 | 550 | 550 | 375 | 300 | 150 | 0 | 150 | 0 | 110 | 0 | 75 | 0 | 75 | 0 | 110 | 0 | 110 | 0 | 110 | 0 | 75 | 0 |
| 8 | हसनगंज | 61 | 83 | 415 | 415 | 405 | 324 | 162 | 0 | 162 | 0 | 83 | 0 | 81 | 0 | 81 | 0 | 83 | 0 | 83 | 0 | 83 | 0 | 81 | 0 |
| 9 | औरास | 61 | 103 | 515 | 515 | 305 | 0 | 122 | 0 | 122 | 0 | 103 | 0 | 61 | 0 | 61 | 0 | 103 | 0 | 103 | 0 | 103 | 0 | 61 | 0 |
| 10 | मियागंज | 74 | 82 | 410 | 410 | 370 | 260 | 148 | 0 | 148 | 0 | 82 | 0 | 74 | 0 | 74 | 0 | 82 | 0 | 82 | 0 | 82 | 0 | 74 | 0 |
| 11 | गंजमुरादाबाद | 60 | 107 | 535 | 535 | 300 | 0 | 120 | 0 | 120 | 0 | 107 | 0 | 60 | 0 | 60 | 0 | 107 | 0 | 107 | 0 | 107 | 0 | 60 | 0 |
| 12 | बांगरमऊ | 55 | 140 | 700 | 700 | 275 | 0 | 110 | 0 | 110 | 0 | 140 | 0 | 55 | 0 | 55 | 0 | 140 | 0 | 140 | 0 | 140 | 0 | 55 | 0 |
| 13 | फतेहपुर चौरासी | 69 | 104 | 520 | 520 | 345 | 0 | 138 | 0 | 138 | 0 | 104 | 0 | 69 | 0 | 69 | 0 | 104 | 0 | 104 | 0 | 104 | 0 | 69 | 0 |
| 14 | सफीपुर | 72 | 89 | 445 | 445 | 360 | 0 | 144 | 0 | 144 | 0 | 89 | 0 | 72 | 0 | 72 | 0 | 89 | 0 | 89 | 0 | 89 | 0 | 72 | 0 |
| 15 | सिकन्दरपुर कर्ण | 66 | 130 | 650 | 650 | 330 | 0 | 132 | 0 | 132 | 0 | 130 | 0 | 66 | 0 | 66 | 0 | 130 | 0 | 130 | 0 | 130 | 0 | 66 | 0 |
| 16 | सिकन्दरपुर सिरोसी | 55 | 120 | 600 | 600 | 275 | 0 | 110 | 0 | 110 | 0 | 120 | 0 | 55 | 0 | 55 | 0 | 120 | 0 | 120 | 0 | 120 | 0 | 55 | 0 |
| | कुल योग | 1040 | 1682 | 8410 | 8410 | 5200 | 1431 | 2080 | 211 | 2080 | 211 | 1682 | 234 | 1040 | 200 | 1040 | 209 | 1682 | 234 | 1682 | 0 | 1682 | 0 | 1040 | 0 |

मेसर्स फेलकॉन को अवशेष निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

26/08/2023

अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी/ सदस्य
उन्नाव।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सिंचाई एवं जल संसाधन,
उन्नाव।

....................5/-

Scanned with OKEN Scanner

प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला विकास अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य विकास अधिकारी/ सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

# कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव

पत्रांक:- 2414 / W-S-103 / 383 दिनांक : 05-09-2023

प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), किसान बाजार,प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
8. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
9. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
10. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
11. मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन, के-571, सेक्टर-के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ।
12. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

Scanned with OKEN Scanner